चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : गोप0 / प्रयो0 / 86
दिनांक : 26-2-22

विज्ञप्ति

विश्वविद्यालय की विज्ञप्ति संख्या–गोप0 / प्रयो0 / 1707 दिनांक 21.12.2021, विज्ञप्ति संख्या–गोप0 / प्रयो0 / 1723 दिनांक 30.12.2021 एवं विज्ञप्ति संख्या–गोप0 / प्रयो0 / 08 दिनांक 06.01.2022 द्वारा समस्त प्राचार्य / प्राचार्या / निदेशक (राजकीय / अनुदानित / स्ववित्त पोषित संस्थान / महाविद्यालय) से समस्त पराम्परागत एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के स्नातक एवं परास्नातक पाठ्यक्रमों के विषम सेमेस्टर दिसम्बर–2021 की आन्तरिक परीक्षायें सम्पन्न कराकर अंक विश्वविवद्यालय के पोर्टल पर अपलोड किये जाने की अपेक्षा की गयी थी।

संज्ञान में आया है कि कतिपय महाविद्यालयों / संस्थानों द्वारा प्रथम सेमेस्टर दिसम्बर–2021 की आन्तरिक परीक्षाओं के अंक बिना अनुक्रमांक अथवा बिना नामांकन संख्या के अपलोड कर दिये गये हैं जिससे परीक्षा परिणाम घोषित करने में त्रुटियां हो सकती हैं। अतः मा0 कुलपति महोदया के आदेशानुसार **ऐसे महाविद्यालय / संस्थान जिनके द्वारा स्नातक / परास्नातक प्रथम सेमेस्टर दिसम्बर–2021 की आन्तरिक परीक्षाओं के अंक बिना अनुक्रमांक अथवा बिना नामांकन संख्या के अपलोड किये गये हैं उनके डॉकेट को अधिकृत कम्पनी द्वारा डिलीट कर दिया गया है। ऐसे महाविद्यालयों / संस्थानों से अपेक्षा है कि दिनांक 05.03.2022 तक पुनः अनुक्रमांक एवं नामांकन संख्या सहित आन्तरिक परीक्षाओं के अंक प्रत्येक दशा में अपलोड कर दें।**

उक्त के अतिरिक्त **यदि किसी संस्थान / महाविद्यालय द्वारा अभी तक विषम सेमेस्टर की आन्तरिक परीक्षाओं के अंक पोर्टल पर अपलोड नहीं किये गये हैं तो उन्हें भी अन्तिम अवसर प्रदान करते हुए उनसे अपेक्षा है कि तत्काल अंक पोर्टल पर अपलोड कर दें।** उक्त निर्धारित अवधि के पश्चात पोर्टल पुनः खोला नहीं जायेगा।

महाविद्यालय / संस्थान आन्तरिक परीक्षाओं के अंक पोर्टल पर अपलोड किये जाने के उपरान्त परम्परागत पाठ्यक्रमों के अंकपर्णो की दो प्रतियॉ (कुलसचिव प्रति एवं टेबुलेटर प्रति) गोपनीय विभाग की खिड़की संख्या–40 एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के अंकपर्णो की दो प्रतियाँ (कुलसचिव प्रति एवं टेबुलेटर प्रति) व्यावसायिक पाठ्यक्रम विभाग (कमरा नं0–308) में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

26/02/2022

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि :–

1. सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति महोदया के सादर संज्ञानार्थ।
2. सचिव, प्रति–कुलपति को मा0 प्रति–कुलपति महोदया के संज्ञानार्थ।
3. वैयक्तिक सहायक, कुलसचिव को कुलसचिव / परीक्षा नियंत्रक जी के सूचनार्थ।
4. सहा0 कुलसचिव (परीक्षा) को सूचनार्थ।
5. प्रभारी, वेब साईट / कम्प्यूटर सेल / परीक्षा परिणाम सेल, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ।
6. आउट सोर्स कम्पनी (मस्कॉट सोफ्टवेब सोल्यूशन प्राईवेट लि0) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
7. प्रभारी / सहा0 कार्यालय अधीक्षक व्या0पाठ्य0 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

सहा0 कुलसचिव (गोपनीय)